2 फरीदाबाद
लापरवाही या भ्रष्टाचार : अब पाली के जंगलों में जहर घोलने की तैयारी

6 अभिमत
गुजरात ने बचा ली भाजपा की लाज

9 देश/विदेश
भारत जोड़ो यात्रा पर गुजरात चुनाव के नतीजे का कोई असर नहीं

12 कसौटी
रैली में 51 सौ रुपये बुढ़ापा पेंशन का दर्द उभरा

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, रविवार, 11 दिसंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



गेंदबाजों के कमाल से भारत ने बांग्लादेश को 227 रन से रौंदा
पेज - 11

# विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** शिक्षा निदेशालय हरियाणा सरकार के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में दिनांक 9 दिसंबर 2022 को आयोजित एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लगढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम के बीएससी फिजिक्स ओनर्स तृतीय वर्ष के दोनो छात्रों मनविंदर और एकांश ने चुंबकीय कण त्वरण पर आधारित भौतिकी मॉडल प्रस्तुत किया। जिसके लिए टीम को 1000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। यह मॉडल असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निशा गिल की देखरेख में मॉडल प्रस्तुत किया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने दोनों छात्रों को बधाई दी है और उनकी मेहनत की सराहना की है। प्राचार्य महोदय ने इसके लिए डॉ. संजीव गुप्ता और भौतिकी विभाग के अन्य सदस्यों को शुभकामनायें दीं।